सराहनीय कार्य, जालौन पुलिस
दिनांक– 28.01.2025

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में कोतवाली उरई पुलिस व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग करने वाले पेशेवर अपराधी को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल/गिरफ्तार कर अभियुक्त के कब्जे से अवैध असलाह मय कारतूस व मोटर साइकिल सहित गिरफ़्तार किया गया।

अवगत कराना है कि दिनांक 27/28.01.2025 को कोतवाली उरई पुलिस व एसओजी/सर्विलांस टीम जनपद जालौन के द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत में रोकथाम अपराध, चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे, वाहन चोर / वांछित अपराधी एवं पतारसी सुरागरसी के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर फैक्ट्री एरिया औद्योगिक क्षेत्र गेट न0 2 से लगभग 300 मीटर आगे जंगल में पुलिस बल द्वारा झाडियो मे टार्च मारी गयी तो अन्दर से आवाज आयी कौन है। हमने कहा पुलिस है पुलिस की बात सुनकर अभियुक्त द्वारा भागने का प्रयास करते हुये पुलिस टीम पर जान से मारने की नियति से दो बार फायरिंग की गयी। जिसमे पुलिस टीम बाल-बाल बची तथा आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा फ़ायरिंग की गई, जिससे अभियुक्त नीरज पुत्र रामप्रसाद बेडिया निवासी ग्राम रिठारी थाना कुरारा जनपद हमीरपुर के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल अभियुक्त नीरज को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की 15 अदद मो0सा0 व एक अदद तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस व 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर नाजायज व 02 अदद पेचकस, 01 अदद प्लास व 01 अदद रिंच के साथ गिरफ्तार किया गया है।

उक्त पुलिस मुठभेड़ एवं बरामदगी के संबंध में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पुलिस पूंछतांछ में अभियुक्त द्वारा जनपद जालौन व आस पास के कई जनपदो में मोटर साइकिल चोरी क़ारित करने के संबन्ध में बताया गया।

अभियुक्त का विवरण -

1. नीरज पुत्र रामप्रसाद बेडिया उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम रिठारी थाना कुरारा जिला हमीरपुर

बरामदगी-

1. 15 अदद चोरी की मोटर साइकिल
2. एक अदद तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा व 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर
3. 02 अदद पेचकस, 01 अदद प्लास व 01 अदद रिंच।

नीरज उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 1590/2015 धारा 379/411/413/419/420 भादवि थाना कोत0 हमीरपुर
2. मु0अ0सं0 292/2017 धारा 379/411 भादवि थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात

3. मु0अ0सं0 74/2017 धारा 411/413/414/420/467/468/471 भादवि थाना कदौरा जनपद जालौन
4. मु0अ0सं0 459/2017 धारा-379/411/413 भादवि कोत0 उरई जनपद जालौन
5. मु0अ0सं0 462/2017 धारा-379/411 भादवि कोत0 उरई जनपद जालौन
6. मु0अ0सं0 467/2017 धारा-379/411 भादवि कोत0 उरई जनपद जालौन
7. मु0अ0सं0 84/2017 धारा-379/411 भादवि थाना सिरसाकलार जनपद जालौन
8. मु0अ0सं0 183/2021 धारा-120बी/328/380/411 भादवि थाना माधौगढ़ जनपद जालौन
9. मु0अ0सं0 322/2024 धारा-379 भादवि कोत0 उरई जनपद जालौन
10. मु0अ0सं0 424/2024 धारा-379 भादवि कोत0 उरई जनपद जालौन
11. मु0अ0सं0 841/2024 धारा-303(2) बीएनएस कोत0 उरई जनपद जालौन
12. मु0अ0सं0 41/2025 धारा-303(2) बीएनएस कोत0 उरई जनपद जालौन
13. मु0अ0सं0 42/2025 धारा-109/303(2)/317(2)/317(4)/318(4)/338/336(3) बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट कोत0 उरई जनपद जालौन।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उरई मय टीम
2. एसओजी/सर्विलांस टीम जनपद जालौन